बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
संकल्प

संख्या–15/आरोप (मुजफ्फरपुर) 02–37/2026– (15)/रा0, पटना–15, दिनांक–.............

जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–673 दिनांक–10.02.2026 द्वारा श्री धर्मेन्द्र कुमार, राजस्व अधिकारी, कुढ़नी, मुजफ्फरपुर के विरूद्ध विभागीय कार्यो के निष्पादन में घोर लापरवाही एवं अनियमितता बरतने, वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना, डिजिटल हस्ताक्षर/डोंगल अपने पास नहीं रखकर कार्यपालक सहायक के पास रखने, बिचौलियों के माध्यम से विभागीय कार्यो का निष्पादन करने, किसान निबंधन/ई–केवाईसी के कार्यो का पर्यवेक्षण नहीं करने, दाखिल–खारिज आवेदनों को निर्धारित समय अवधि से अधिक समय के लिये लंबित रखने एवं विभागीय दिशा–निदेशों का उल्लंघन करने जैसे आरोप प्रतिवेदित है।

2. श्री कुमार के विरूद्ध प्रतिवेदित उक्त गंभीर आरोपों के लिये अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा इन्हें निलंबित करने का निर्णय लिया गया है।

3. अतएव श्री धर्मेन्द्र कुमार, राजस्व अधिकारी, कुढ़नी, मुजफ्फरपुर को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम–9 (1) के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से **निलंबित** किया जाता है।

4. निलम्बन अवधि के लिए इनका **मुख्यालय**– आयुक्त कार्यालय, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर निर्धारित किया जाता है।

5. निलम्बन अवधि में श्री कुमार को नियमानुसार बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम–10 के अन्तर्गत जीवन–निर्वाह भत्ता देय होगा।

6. इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के लिये अलग से संकल्प निर्गत किया जायेगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–
(जय सिंह)
सचिव।

ज्ञापांक–15/आरोप (मुजफ्फरपुर) 02–37/2026–.................(15)/रा0, पटना–15, दिनांक–............................

ई–मेल/ निबंधित

प्रतिलिपि :–समाहर्त्ता, मुजफ्फरपुर/आयुक्त के सचिव, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/कोषागार पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
(जय सिंह)
सचिव।

ज्ञापांक–15/आरोप (मुजफ्फरपुर) 02–37/2026– (15)/रा0, पटना–15, दिनांक–

स्पीड पोस्ट

प्रतिलिपि :– श्री धर्मेन्द्र कुमार, राजस्व अधिकारी, कुढ़नी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. निदेशित किया जाता है कि आयुक्त कार्यालय, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर में अविलम्ब योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करें।

ह0/–
(जय सिंह)
सचिव।

ज्ञापांक–15/आरोप (मुजफ्फरपुर) 02–37/2026–664(15)/रा0, पटना–15, दिनांक–19/05/2026

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी, कनीय प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–3/आई0टी0 मैनेजर (विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ), राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/5/26
(जय सिंह)
सचिव।

D:\2026_jiten\Suspension\Dharmendra kumar_RO_kudhni_Muzaffarpur.doc